भारत सरकार

कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय

कृषि सहकारिता एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1604**

**02 जुलाई, 2019 को उत्तरार्थ**

**विषय: भूमिहीन किसान**

**1604. श्री बी॰वाई॰ राघवेन्द्रः**

**क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः**

(क) देश में भूमिहीन किसानों की राज्य-वार संख्या क्या है;

(ख) क्या सरकार का भूमिहीन किसानों एवं श्रमिकों के हितों की सुरक्षा के लिए किसी विशेष योजना तैयार करने का विचार है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) सरकार द्वारा उक्त योजना कब तक तैयार किए जाने की संभावना है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री**

**(श्री नरेंद्र सिंह तोमर)**

(क) भूमिहीन किसानों की कोई विशिष्ट गणना/सर्वेक्षण नहीं किया गया है और इसलिए देश में भूमिहीन किसानों की निश्चित संख्या उपलब्ध नहीं है। तथापि, कृषि गणना 2010-11 के अनुसार पूर्णत: पट्टे में दिये गये प्रचालन जोतों की राज्य-वार संख्या अनुबंध में दी गई है।

(ख) से (ड.) सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम के अधीन रोजगार गारण्टी दे रही है और खेतीहर मजदूरों सहित ग्रामीण लोगों की आय मेंसहायता करते हुए उनके लाभार्थ अन्य विकास कार्यक्रमों का कार्यान्वयन कर रही है।

इसके अतिरिक्त, सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों का कार्यान्वयन किया जा रहा है जिनका उद्देश्य, अन्य लोगोंके साथ-साथ, भूमिहीन किसानों और कृषि श्रमिकों को लाभ पहुंचाना है। इनमें आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई), अटल पेंशन योजना (एपीवाई), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना (आईजीएनओएपीएस), प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (पीएमएसबीवाई), एकीकृत वृद्धावस्था पेंशन कार्यक्रम (आईपीओपी) और राष्ट्रीय वयोश्री योजना (आरवीवाई) शामिल हैं।

अनुबंध

**दिनांक 02.07.2019 को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1604 के भाग (क) के उत्तर में उल्लिखित विवरण**

| क्र.सं. | राज्य/संघ शासित प्रदेश | पूर्णत: पट्टे में दिये गये प्रचालन जोतों की संख्या ('00 इकाईयां) |
|---|---|---|
| 1 | आन्ध्र प्रदेश | 328 |
| 2 | अरूणाचल प्रदेश | 0 |
| 3 | असम | 4 |
| 4 | बिहार | 22 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 9 |
| 6 | गोवा | 59 |
| 7 | गुजरात | 0 |
| 8 | हरियाणा | नगण्य |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 14 |
| 10 | जम्मू और कश्मीर | 6 |
| 11 | झारखण्ड | 7 |
| 12 | कर्नाटक | 0 |
| 13 | केरल | 48 |
| 14 | मध्य प्रदेश | 104 |
| 15 | महाराष्ट्र | नगण्य |
| 16 | मणिपुर | 50 |
| 17 | मेघालय | 0 |
| 18 | मिजोरम | 0 |
| 19 | नागालैण्ड | 3 |
| 20 | ओड़िशा | 2193 |
| 21 | पंजाब | 19 |
| 22 | राजस्थान | 65 |
| 23 | सिक्किम | 9 |
| 24 | तमिलनाडु | 120 |
| 25 | तेलंगाना | राज्य का गठन 2014 में किया गया |
| 26 | त्रिपुरा | 14 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 3036 |
| 28 | उत्तराखण्ड | 3 |
| 29 | पश्चिम बंगाल | 1124 |
| 30 | अण्डमान एवं निकोबार द्वीप | नगण्य |
| 31 | चण्डीगढ़ | 0 |
| 32 | दादर एवं नगर हवेली | 0 |
| 33 | दमन एवं दीव | 0 |
| 34 | दिल्ली | 0 |
| 35 | लक्षद्वीप | 0 |
| 36 | पुदुचैरी | 2 |
| | **अखिल भारत** | **7239*** |

* निकटतम पूर्णांकित किये जाने से योग में अंतर हो सकता है।

स्रोत: कृषि गणना 2010-11

*****